# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 15.10.2025**

❖ **थाना अमराहट पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा गुमशुदाओं की बरामदगी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना अमराहट क्षेत्रान्तर्गत गुमशुदा बालक अंकित उरांव पुत्र मड़वारी उरांव, निवासी ग्राम गम्हारिया, थाना घाघरा, जनपद गुमला, झारखंड, जो थोड़ा मंदबुद्धि है, दिनांक 05/10/2025 को अपने माता-पिता के साथ गंगा स्नान हेतु वाराणसी आया था। रास्ता भटकने के कारण वह दिनांक 13/10/2025 को थाना क्षेत्र अमराहट में घूमते हुए मिला जिस पर थाना अमराहट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बालक के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया तथा आज दिनांक 15/10/2025 को गुमशुदा बालक अंकित उरांव उपरोक्त के परिजन, भाई श्री मनीष उरांव पुत्र मड़वारी उरांव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम गम्हारिया, थाना घाघरा, जनपद गुमला, झारखंड एवं मौसा श्री रामनाथ उरांव पुत्र पति उरांव, उम्र 30 वर्ष, निवासी चुरवे, थाना सेरेदाग, जिला पेसरार, झारखंड द्वारा पहचान करने के उपरांत उसके परिजनों को सुपुर्द को किया गया। जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की परिजनों व आम-जनमानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामद करने वाली टीम-**
थाना अमराहट पुलिस।